कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-01.09.2023

दुष्कर्म, लूट व एससी/एसटी एक्ट थाना शिवपुर के मुकदमे से संबंधित वांछित अभियुक्त सतीश उर्फ सूरज प्रजापति गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-306/23 धारा 452,504,506,392,376 भादवि व 3(1)द,ध 3(2)V SC/ST ACT थाना शिवपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सतीश उर्फ सूरज प्रजापति पुत्र शिवकुमार प्रजापति निवासी-ग्राम सजोई थाना जंसा वाराणसी को आज दिनांक-01.09.2023 को समय करीब 11.00 बजे तरना पुल के उत्तरी छोर से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- पूछताछ करने पर अभियुक्त सतीश उर्फ सूरज प्रजापति ने बताया कि मैं अपने नाना के घर में रहकर पढ़ता था तथा पार्ट टाईम ITC कम्पनी में पैसों के कलेक्शन का काम करता था। ननिहाल मे ही मेरी मुलाकात उस लड़की से हुई और धीरे-धीरे दोस्ती हो गई। उसके माता-पिता नौकरी करते थे। मै एक दिन जबरदस्ती उसके घर में ही शारीरिक सम्बन्ध बनाया तथा उसे धमकाया कि यदि यह बात किसी से बताओगी तो मै सभी लोगो को बता दूँगा। तुम्हारी बहुत बदनामी होगी और इसी का भय दिखाकर जब भी मुझे मौका मिलता था तो जो मैं कहता था वह वही करती थी। उसे मैने डरा-धमका कर कई बार में लगभग 50 हजार रुपया अपने खर्चे के लिये लिया था और उन रुपयो को मैने खर्च कर दिया। जब वह मुझसे शादी की बात कहती थी तो मैं उससे कहा कि अपना हाथ काटकर दिखाओ तो उसने हाथ भी काट कर दिखाया। जब मुझे यकीन हो गया कि यह लड़की मेरा पीछा नही छोड़ने वाली है तो मैने उसको गाली-गुप्ता देते हुये जान से मारने की धमकी दी और जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुये कहा कि मैं शादी नहीं करुँगा और मै अपने ननिहाल से भाग गया था।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>

सतीश उर्फ सूरज प्रजापति पुत्र शिवकुमार प्रजापति निवासी-ग्राम सजोई थाना जंसा वाराणसी, उम्र 24 वर्ष।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1.उ0नि0 जय प्रकाश सिंह कैंट सर्किल आफिस कमिश्नरेट वाराणसी।

2.का0 अभय पटेल कैंट सर्किल आफिस कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी